समाचार

# वरिष्ठजनों की सेवा व सम्मान हमारी संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण अंग – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने 86 वरिष्ठजनों को प्रदान किया जीवन सहायक उपकरण)




कोरबा 16 दिसम्बर 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज कहा कि वरिष्ठजनों की सेवा सुश्रुषा करना एवं उन्हें सम्मान देना हमारी भारतीय संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं और हमारा परम कर्तव्य भी है, हमारे वरिष्ठजनों के जीवन अनुभव एवं उनके मार्गदर्शन हमारी जीवन यात्रा को सही दिशा देते हैं, सही और गलत का भेद समझाते हैं। हमारा परम दायित्व है कि हम समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करें, उनकी सेवा करें तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने वरिष्ठजनों हेतु आयोजित निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह के दौरान व्यक्त किए। जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं नगर पालिक निगम कोरबा के सहयोग से भारत सरकार की कम्पनी जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन आफ इंडिया के सी.एस.आर. कार्यक्रम अंतर्गत मैत्री संघ भवन बालको कोरबा में वरिष्ठजनों हेतु निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन आज मंगलवार 16

दिसम्बर को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, उन्होने भारतमाता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई। महापौर श्रीमती राजपूत ने इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में आगे कहा कि हमारे बुजुर्ग भारतीय संस्कृति के केन्द्र बिन्दु हैं एवं उनकी स्मृतियॉ हमारी सभ्यता की नींव है। वरिष्ठजनों का सम्मान करना, उनका सहारा बनना एवं माता–पिता की पूजा करना , ईश्वर की आराधना के समान है और हमारा नैतिक दायित्व भी है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार वरिष्ठजनों की सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता एवं उनका गरिमामय जीवन सुनिश्चित करने हेतु कृत संकल्पित है तथा पूरी इच्छाशक्ति के साथ इस दिशा में कार्य कर रही है। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं उपस्थित अतिथियों ने 86 वरिष्ठजनों को आवश्यकतानुसार विभिन्न जीवन सहायक उपकरण यथा वाकिंग स्टिक, कमरबेल्ट, कमोट कुर्सी, श्रवण यंत्र, वाकर सहित अन्य उपकरण प्रदान किए, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल एवं वरिष्ठ पार्षद श्री सत्येन्द्र दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया तथा हमारे समाज में वरिष्ठजनों तथा उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले मार्गदर्शन की महत्ता को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए  वरिष्ठजनों के दीर्घ व स्वस्थ जीवन की कामना की तथा वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल व पार्षद सत्येन्द्र दुबे सहित पार्षद चेतन सिंह मैत्री, मंगलराम बंदे, रजत प्रसाद, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रूकमणी नायर, रेणु प्रसाद, राकेश सोनी, चंदादेवी रत्नाकर, भगत विश्वकर्मा, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना, निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, मुकेश दिवाकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।